

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

**शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर**

**सुविचार -**
समाज में उत्कृष्टता का प्रमाण प्रस्तुत करें। सदैव समाज की भलाई करने वालों को हमेशा याद रखा जाता है।

गुरुवार, 11 सितंबर 2025 | वर्ष - 07 | अंक 31 | UAN NO. RJ 21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in



नेपाल में अब सत्ता की कमान पहली बार महिला के हाथ में जा सकती है। प्रदर्शनकारी Gen-Z ने देश की पहली महिला चीफ जस्टिस को अंतरिम सरकार की मुखिया बनाने का प्रस्ताव दिया जिसे उन्होंने मान लिया है

## नेपाल में तख्तापलट के बाद बड़ी खुशखबरी

# पहली महिला चीफ जस्टिस सुशीला कार्की बन सकती है पहली महिला PM

एजेंसी. काठमांडू (नेपाल)। नेपाल में तख्तापलट के बाद अब सत्ता की कमान सेना के हाथों में हैं। देश में बातचीत और अंतरिम सरकार के गठन की चर्चा तेज है और सबसे बड़ी बात ये है कि सूत्रों के मुताबिक प्रदर्शनकारी जेन जी ने पहली महिला चीफ जस्टिस सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की कमान संभालने का प्रस्ताव दिया और सुशीला कार्की ने जेन ज़ी के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जेन ज़ी ने अपने फैसले के बारे में फोन करके सुशीला कार्की को अपना फैसला सुनाया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस तरह से नेपाल के लिए बड़ी खुशखबरी हो सकती है कि जैसे सुशीला कार्की देश की पहली महिला चीफ जस्टिस बनीं और उसके बाद अब वे पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं। जेन ज़ी ने बुधवार की बैठक के बाद ये स्पष्ट कह दिया कि दुर्गा परसाईं, रासपा और राप्रपा का नई सरकार में किसी भी तरह का दखल नहीं होगा और कमान सुशीला कार्की के हाथ होगी।

**सुशीला कार्की ही क्यों :** बता दें कि साल 2017 में प्रमुख राजनीतिक दलों ने सुशीला कार्की पर पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था और फिर उनपर महाभियोग प्रस्ताव भी पेश किया गया था। लेकिन देश में उन्हें मिले भारी जन समर्थन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण राजनीतिक दलों के इस प्रस्ताव को वापस ले लिया गया था। इसी बात से उनकी जनमानस में गहरी पैठ की बात पता चलती है।

**लेखक भी हैं कार्की :** इसके साथ ही उनमें क्या खास है, ऐसा देखा जाए तो अपने रिटायरमेंट के बाद सुशीला कार्की ने दो किताबें लिखीं, जिसमें से पहली उनकी आत्मकथा 'न्याय' है, जिसमें उन्होंने अपने जीवन, न्यायिक संघर्षों और राजनीतिक दबाव की कहानी लिखी है। उनकी लिखी दूसरी किताब 'कारा' नामक एक उपन्यास है, जो उनकी हिरासत के समय से प्रेरित है और महिलाओं के सामाजिक संघर्षों को उजागर करती है।

# नेपाल की जेल से भागे 5 कैदियों ने की भारत में घुसने की कोशिश

## सशस्त्र सीमा बल ने किया गिरफ्तार

एजेंसी. सिद्धार्थनगर। नेपाल में हालात बदतर हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नेपाल की 18 जिलों की जेल से करीब 6 हजार कैदी फरार हुए हैं। इस बीच खबर मिली है कि नेपाल की जेल से भागे 5 कैदियों ने भारत-नेपाल बॉर्डर के जरिए भारत में घुसपैठ करने की कोशिश की है। हालांकि ये घुसपैठिये अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

**जेल से भागे कैदियों ने कहा- हम इंडियन जेल में रहेंगे, नेपाल नहीं जाएंगे :** नेपाल की जेल से भागे 5 कैदियों को SSB ने पकड़ा है और उनसे बात की है। ये कैदी कह रहे हैं कि नेपाल के हालात खराब हैं और वहां लोग मार डाले जाते हैं। इन कैदियों का कहना है कि वो भारतीय जेल में रहेंगे, नेपाल नहीं जाएंगे।

**क्या है पूरा मामला? :** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल की एक जेल से भागे पांच कैदियों को भारत में घुसने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। सिद्धार्थनगर इलाके में भारत-नेपाल सीमा पर ये गिरफ्तारियां की गईं और बाद में कैदियों को आगे की जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया।

**नेपाल में मचा हुआ है हड़कंप :** नेपाल में सरकार द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, और एक्स) पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। इन प्रदर्शन में जेन-जी जेनरेशन के लोग भारी संख्या में थे। लेकिन बाद में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई, जिसमें 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसके बीद नेपाल की राजधानी काठमांडू समेत अन्य जिलों में भी प्रदर्शन शुरू हो गए और इसने हिंसा का रूप धारण कर लिया। इस दौरान कई नेताओं के घरों पर हमला हुआ। पीएम ओली के इस्तीफे के बाद भी प्रदर्शनकारियों का गुस्सा खत्म नहीं हुआ और उन्होंने कई इमारतों में आग लगा दी। अब हालात ये हैं कि नेपाल जल रहा है और इसकी कमान अब सेना ने अपने हाथ में ले ली है और पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया है। सेना, प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश कर रही है और उसका कहना है कि प्रदर्शनकारियों से बात करके समस्या का हल निकाला जा सकता है।

# रूस-यूक्रेन जंग को लेकर पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी के बीच हुई वार्ता, इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच वार्ता

रिपोर्ट टाइम्स. नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच वार्ता हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, "प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि दिखाई। पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और IMEEEC पहल के माध्यम से संपर्क को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी का धन्यवाद। "

**क्या है संदेश? :** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की पीएम मोदी से बात इस बात का साफ संदेश है कि यूरोप के नेता लगातार भारत के संपर्क में है। ट्रेड, इंटरनेशनल सिक्योरिटी और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर यूरोपीय नेता भारत को महत्व दे रहे हैं। हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात की थी।



इटली की प्रधानमंत्री से चर्चा करते प्रधानमंत्री मोदी

## G7 शिखर सम्मेलन में मिले थे दोनों नेता

इससे पहले कनाडा में आयोजित 51वें G7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच मुलाकात हुई थी। जॉर्जिया मेलोनी ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट की थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा था कि भारत और इटली दोस्ती की मजबूत डोर से एक-दूसरे से जुड़े हैं। इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने कहा था कि मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी। इटली के साथ भारत की दोस्ती और मजबूत होती जाएगी, जिससे हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।



करोड़ों के घोटाले का खुलासा

# 72 लाख कैश, 7 लग्जरी गाड़ियां, अधिकारियों के भी उड़े होश; गोवा में 1200 करोड़ का घोटाला

गोवा में ज़मीन हड़पने का एक बड़ा मामला सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा और हैदराबाद में 13 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई अंजुना और असगांव इलाके की सोसाइटी जमीनों पर हुए गैरकानूनी कब्ज़े से जुड़ी है। जांच में पता चला है कि यशवंत सावंत और उनके साथियों ने पुराने फर्जी कागज़ों का इस्तेमाल कर करीब 3.5 लाख वर्ग मीटर जमीन अपने नाम करवा ली। इनमें से कुछ जमीनें बेच भी दी गईं, जिससे करोड़ों की कमाई हुई। इन जमीनों की कीमत 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

**आरोपियों के कई बैंक खाते और एफडी भी सीज़ :** छापों में ईडी को 72 लाख रुपये कैश, 7 लग्जरी गाड़ियां मिलीं। साथ ही आरोपियों के कई बैंक खाते और एफडी भी सीज़ कर दिए गए। ईडी का कहना है कि जांच अभी जारी है और इससे गोवा में फैले और भी बड़े लैंड ग्रैबिंग नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

**पंचायत सदस्य और व्यवसायी के ठिकानों पर छापेमारी :** जानकारी के अनुसार, ईडी अधिकारियों की टीमों ने एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की, जिनमें अंजुना इलाके के एक पंचायत सदस्य का आवास और अंजुना में भूमिका मंदिर के पास स्थित एक व्यवसायी का आवास और कार्यालय शामिल हैं। दोनों से जुड़े दो अन्य सहयोगियों के आवासों पर भी तलाशी ली गई। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी गोवा पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) से मिली जानकारी पर आधारित थी, जिसने पहले पंचायत सदस्य और व्यवसायी दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी वाले ज़मीन सौदों में उनकी कथित भूमिका के लिए मामला दर्ज किया था।

**ED द्वारा जब्त कार :** एसआईटी गोवा भर में ज़मीन हड़पने के कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच कर रही है, जिनमें से कई में जाली दस्तावेज़ और सामुदायिक संपत्तियों की अवैध बिक्री शामिल है।

# शहर चलो अभियान के तहत वार्ड 21 से 29 तक कैंप आयोजित



संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स | झुंझुनूं

नगर परिषद झुंझुनूं द्वारा 04 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे "शहर चलो अभियान 2025" के अंतर्गत बुधवार को वार्ड संख्या 21 से 29 सहित दीपलवास व भूरीवास क्षेत्र के लिए बहुजन समाज भवन, रोड नंबर 3 झुंझुनूं में कैंप का आयोजन किया गया। नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया ने बताया कि कैंप में सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक लाईट व्यवस्था, आवारा व बेसहारा पशुओं को पकड़कर निर्धारित स्थल पर पहुँचाने, पार्क व रैन बसेरों की सफाई सहित विभिन्न सामान्य कार्यों से संबंधित कुल 18 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। इनमें रोशनी/स्ट्रीट लाइट से संबंधित 4, सफाई व्यवस्था से संबंधित 4, मूलभूत सुविधाओं से संबंधित 6 तथा जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन संबंधी 4 आवेदन शामिल रहे। सभी प्रकरणों को तत्काल संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। इसी तरह भूमि से संबंधित कार्यों जैसे कृषि भूमि नियमन पट्टा, धारा 69-ए पट्टा, फ्री होल्ड पट्टा, नामांतरण, उपविभाजन/पुनर्गठन तथा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस श्रेणी में कुल 7 आवेदन एवं शिकायतें दर्ज हुईं।कैंप के दौरान नागरिकों को मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा ईडब्ल्यूएस आवेदन संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। आयुक्त नगर परिषद श्री दिलीप पूनिया ने बताया गुरुवार को वार्ड संख्या 30 से 37 तथा 40 व 41 के लिए नगर परिषद झुंझुनूं परिसर में कैंप आयोजित किया जाएगा।

## कच्ची घानी से तेल निकालने की इकाइयों की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित

संवाददाता | दतिया

नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन योजना के तहत तिलहनी फसलों की कटाई उपरान्त उपज में मूल्य संवर्धन के लिये कच्ची घानी तेल निष्कर्षण इकाइयों की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत 10 टन क्षमता वाली तेल निष्कर्षण इकाई और प्रसंस्करण हेतु मशीनरी व उपकरणों पर परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अथवा अधिकतम 9.90 लाख रुपये तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। भूमि व भवन की लागत पर कोई सहायता देय नहीं होगी। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. राजेंद्र सिंह लांबा ने बताया कि सरकारी/निजी उद्योग, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा सहकारी समितियों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना संबंधी अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार), झुंझुनूं से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान द्वारा युवाओं को किया जागरूक

## सुसमा के प्रेरणास्रोत जसवंतलाल खत्री रहे मुख्य अतिथि

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं

सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के सयुक्त तत्वावधान में राजस्थान में निर्मित शहरी सड़को के लिए चलाए जा रहे सुसमा कार्यक्रम -सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान के तहत अंबेडकर भवन में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को जागरूक किया। सुसमा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओ एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने,दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और कार चालकों को सीट बेल्ट पहनने के लिए प्रेरित करना है। अंबेडकर भवन में आयोजित किए सुसमा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसवंतलाल खत्री मुख्य अभियंता एवं गुण नियंत्रण जयपुर, विशिष्ट अतिथि मीनू खत्री, देवाराम विश्नोई अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण बीकानेर, सुनील गहलोत अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण जोधपुर,वेदप्रकाश उपाध्याय अधिशासी अभियंता गुण नियत्रण जयपुर एवं वीरेंद्र राठौड़ अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी सीकर और कार्यक्रम के अध्यक्ष केशर जाटव अधिशाषी अभियंता गुण नियंत्रण रही। कार्यक्रम के मंच पर नारी शक्ति के रूप में डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया, असिस्टेंट प्रोफेशर सुनीता बाबल, असिस्टेंट प्रोफेशर कल्पना जानू, एईएन रविता पूनिया और मिताक्षी वर्मा रहे।

कार्यक्रम में जिले की 42 शिक्षण संस्थाओं के 17340 छात्र-छात्राओ एवं युवाओं को सुरक्षित सड़क मार्ग के बारे जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में जिले भर से 410 छात्राओ ने हेलमेट के लिए पंजीकरण करवाया।



आयोजन के दौरान का दृश्य।

## 15 सितम्बर को होगा अभियान का विधिवत समापन

सुसमा कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत,मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जसवंतलाल खत्री ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में बताया की राजस्थान में विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित शहरी सड़को के लिए "सुरक्षित सड़क मार्ग "(सुसमा) अभियान रक्षाबंधन के दिन यानी 09 अगस्त को शुरू होकर अभियंता दिवस यानि 15 सितम्बर को उक्त अभियान का समापन किया जाएगा। साथ ही खत्री ने बताया कि सुसमा अभियान राजस्थान के जोधपुर से शुरू होकर 19 जिलो में युवाओं को जागरूक करते हुए बीकानेर जिले इसका समापन किया जाएगा।

खत्री ने अपने उद्बोधन में सुसमा अभियान को एक दृढ़ संकल्प के रूप में लेते हुए इसे जन अभियान बनाकर स्वय, अपने परिवार, अपने समाज और शहर के युवाओं और आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों को नागरिक कर्तव्य के रूप पालना करने और कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर केसर जाटव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण,छात्र-छात्राओ,स्काउट-गाइड के संभागियों,एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ,प्रबुद्ध नागरिकों को सुसमा अभियान में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीगणेश

## रामोतार बामनवासिया परिवार की ओर से हो रहा है धार्मिक आयोजन





आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर में पुराना पोस्ट ऑफिस के पास श्रीमद् भागवत कथा का आगाज बुधवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा से पूर्व नगर सेठ कल्याण राय मंदिर में भागवत का पूजन हुआ। इसके बाद गाजे बाजे के बीच कलश शोभा यात्रा शहर के कल्याण राय मंदिर से शुरू हुई। शोभायात्रा मुख्य बाजार, विवेकानंद चौक, तिरंगा स्थल, पुरानी तहसील रोड, शिव मार्केट से होते हुए कथा स्थल पहुंची। यहां पर कथा वाचक दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में आचार्य आमोद शर्मा, आचार्य नरेश जोशी, आचार्य विक्रम शर्मा ने मुख्य यजमान रामोतार - कलावती देवी, अशोक-सीमा शर्मा, प्रमोद, अनिल, वेदप्रकाश, सुशील, विनोद शर्मा, संजय श्योपुरा, सौरभ, सिद्धार्थ शर्मा को मंत्रोच्चार के मध्य भागवत पूजन करवाया और विधिवत भागवत ग्रन्थ को व्यास पीठ के सामने विराजित करवाया गया। इस मौके पर कथा वाचक तिवाड़ी ने पहले दिन कथा का माहात्म्य बताते हुए कहा कि भागवत कथा सबसे पवित्र धर्म ग्रन्थ है और इसका श्रवण मात्र ही पापों की मुक्ति का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष में भागवत कथा करवाने का सबसे अधिक पुण्य मिलता है यह ग्रहस्थ धर्म का सबसे बड़ा महायज्ञ है जो श्रद्धा भाव से इस पुण्य कर्म को करता है अर्यमा आदि पितृ जन आशीर्वाद प्रदान करते हैं। भागवत कथा पितरों को मोक्षदायिनी है। भागवत महात्मय में धुंधकारी चरित्र एवं परीक्षित चरित्र का विशद वर्णन किया गया। राजेंद्र भगत एवं लाल राणा के मनमोहक भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो गये सुरेश शेखावत के निर्देशन में भगवान विष्णु की सजीव झांकी सजाई गई। इस दौरान सज्जन ककरानियाँ, प्रदीप पुजारी, सुभाष पांडे ,अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सुशील शर्मा, विनोद शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, सौरभ - सिद्धार्थ शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, महेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, मिंटू मुकेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, ओमप्रकाश, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, पिंटू, मुकेश, श्यामसुंदर शर्मा, सुभाष धाबाई, अजय शर्मा, ग्यारसीलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

# एम.डी. स्कूल में शुरू हुआ MDTSE का तीसरा संस्करण

योगेश्वर पचरंगिया, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।

एम.डी. स्कूल के तहत आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित एम.डी. टैलेंट सर्च एग्जाम (MDTSE) का तीसरा संस्करण आज से प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष परीक्षा में प्रतिभाशाली छात्रों के लिए कुल 1 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप और 15 लाख रुपए के कैश प्राइज प्रदान किए जा रहे हैं। संस्थान के चेयरमैन सुनील कुमार डांगी ने बताया कि MDTSE का मुख्य उद्देश्य केवल स्कॉलरशिप प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देना है। यह परीक्षा कक्षा 6 से 10वीं तथा 11वीं और 12वीं (गणित और विज्ञान संकाय) के छात्रों के लिए है। खास बात यह है कि ओलंपियाड, NEET, JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र भी इस परीक्षा में भाग ले सकेंगें।

## 1 करोड़ की स्कॉलरशिप और 15 लाख रुपए के कैश प्राइज का अवसर




एमडीटीएसई के तीसरे संस्करण की हुई लॉन्चिंग

### अवसर से ना चुके प्रतिभाएं

संस्थान की निदेशिका सुमित डांगी ने बताया कि MDTSE के माध्यम से संस्थान यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र बिना अवसर पाए पीछे न रहे। सभी छात्रों को अपनी क्षमता के अनुरूप सफलता प्राप्त करने का अवसर दिया जाएगा। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बुधवार से प्रारंभ हो चुके है। यह एक सुनहरा अवसर है सभी प्रतिभाशाली छात्रों के लिए। इससे बच्चों का भविष्य सुदृढ़ होगा और बच्चे क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगें।

### हर रविवार को विशेष क्लासेज

संस्थान की टीम हर रविवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक विशेष ऑनलाइन क्लास (गूगल मीटिंग) का आयोजन करेगी। इसमें 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षा के छात्र अपने डाउट्स क्लियर कर सकेंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को बोर्ड परीक्षा तक पूर्णतया निशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। इसका बहुत अधिक फायदा बोर्ड एग्जाम में विद्यार्थियों को मिलेगा और वे अपने भविष्य का रास्ता सही मार्गदर्शन में तय कर सकेंगे।

## यूसुफ पठान के घर पर चलेगा बुल्डोजर



रिपोर्ट टाइम्स. अहमदाबाद। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान में टीएमसी के सांसद यूसुफ पठान के जमीन विवाद को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। गुजरात हाईकोर्ट ने जमीन विवाद को लेकर उनके द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने ये फैसला वडोदरा के तांदलजा इलाके में एक बड़े आलीशान बंगले के मालिक यूसुफ पठान की कब्जे वाली जमीन के मामले में सुनाया है। गुजरात हाईकोर्ट ने नगर पालिका के पक्ष में फैसला सुनाया है। जिसका मतलब साफ है कि यूसुफ पठान को कब्जे वाली जमीन खाली करने पड़ेगी। बता दें कि भाजपा के पूर्व पार्षद विजय पवार ने पूर्व क्रिकेटर पर आरोप लगाया था कि वडोदरा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने यूसुफ पठान को 2012 में प्लॉट देने का फैसला लिया था और प्रस्ताव राज्य सरकार तक को भेजा गया था। लेकिन, राज्य सरकार ने 2014 में कॉर्पोरेशन की सिफारिश को रद्द कर दिया था। इसके बावजूद यूसुफ पठान ने प्लॉट पर कब्जा कर तबेला बना दिया था।

यूसुफ पठान की अर्जी खारिज : इसके बाद नगर पालिका द्वारा इस मामले में कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले ही यूसुफ पठान ने गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति मोनाबेन भट्ट की अदालत में चल रही थी, तभी अदालत ने यूसुफ पठान की अर्जी खारिज कर दी। साथ ही कोर्ट ने यह भी सवाल पूछा कि जब राज्य सरकार ने क्रिकेटर की जमीन की मांग को खारिज कर दिया था तो नगर पालिका ने उस जमीन पर कब्जा लेने के लिए कार्रवाई क्यों नहीं की?







कुलदीप यादव ने मैच में चार विकेट चटकाए


## एशिया कप : भारत ने यूएई को 27 गेंदों में हराया

एजेंसी. दुबई। एशिया कप 2025 के दूसरे मैच में भारत ने यूएई को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 9 विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने कुलदीप के 4 और शिवम के 3 विकट की बदौलत यूएई को केवल 57 रनों पर ढेर कर दिया.

भारत अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा : इसके बाद अभिषेक शर्मा (30), गिल (नाबाद 20) और सूर्यकुमार के नाबाद 7 रनों ने केवल 4.3 ओवरों ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास में अपने सबसे तेज लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले भारत ने 2021 पुरुष टी20 विश्व कप में दुबई में ही स्कॉटलैंड के खिलाफ 6.3 ओवर में लक्ष्य का पीछा किया था।

यूएई की शर्मनाक बल्लेबाजी : यूएई के लिए, यह एक शर्मनाक शाम थी। उनकी बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की गुणवत्ता और अथकता के सामने टिक नहीं पाई। सलामी बल्लेबाजों के अलावा कोई भी दूसरा बल्लेबजा दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। अलीशान शर्फू ने 22 औक कप्तान मोहम्मद वसीम ने 19 रनों की पारी खेली।

भारत की तेज शुरुआत : 58 रनों का पीछा करते हुए अभिषेक ने शुरुआत से ही हैदर अली की गेंद को लॉन्ग-ऑफ पर छक्का लगाकर और फिर स्पिनर की गेंद पर एक और चौका लगाकर शानदार शुरुआत की। एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20I टीम में वापसी कर रहे गिल ने मोहम्मद रोहित की गेंद पर चौका लगाया और फिर स्क्वायर लेग पर छक्का जड़ दिया। सूर्यकुमार ने अपनी खास गेंद पर फाइन लेग पर छक्का जड़कर शुरुआत की, जबकि गिल ने बैकफुट पर आकर सिमरनजीत सिंह की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका जड़कर भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित की।



## पीवी सिंधु हांगकांग ओपन के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुई बाहर

### पुरुषों की टीम का बेहतरीन प्रदर्शन

एजेंसी. हैदराबाद। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु हांगकांग ओपन सुपर 500 के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर गईं। उन्हें डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से तीन गेम में 21-15, 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता क्रिस्टोफरसन के खिलाफ सिंधु की यह छह मुकाबलों में पहली हार थी और इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में उनकी छठी पहले दौर की हार थी। सिंधु ने दमदार शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से अपने नाम कर लिया। लेकिन क्रिस्टोफरसन ने दूसरे गेम में वापसी की और 16-21 से दूसरा गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन निर्णायक और तीसरा गेम एक रोमांचक मुकाबले में बदल गया और स्कोर 19-19 पर पहुंच गया, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने संयम बनाए रखते हुए सिंधु पर अपनी पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। पीवी सिंधू के अलावा अनुपमा उपाध्याय भी महिला एकल वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त जापान की तोमोका मियाजाकी से 17-21, 22-20, 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।



## भाजपा नेता राजेश दहिया व कुंभाराम प्रोजेक्ट के अधिकारियो ने की पानी की टंकियों के लिए जगह चिह्नित

### 1.5 लाख लीटर से लेकर 3:50 लाख लीटर क्षमता की बनेगी टंकियां

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के तहत भाजपा नेता राजेश दहिया ने कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना प्रोजेक्ट के उच्च अधिकारियों के साथ विभिन्न गावों में जाकर पानी के लिए बनने वाली टंकियों हेतु भूमि चिह्नित की। महतिया की ढाणी, नालवा, जाखड़ा, जाखोड़ा, हरिपुरा, खुड़िया, आलमपुरा, बदनगढ़, भोमपूरा, सुलताना का बास, निजामपुरा, ओजटू, कंवरपुरा, बख्तावरपुरा, व नूनिया गोठड़ा , मालीगांव सहित विभिन्न गावों में जगह चिन्हित की गई। जहां कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना के तहत पानी की बड़ी टंकियां बनाई जाएगी। जिनकी क्षमता 1.5 लाख लीटर से लेकर 3:50 लाख लीटर तक है। पिलानी विधानसभा के शेष रहे गांवों में पानी की टंकियों हेतु शुक्रवार को जगह चिन्हित की जाने का काम किया जाएगा।

इस अवसर पर सहायक अभियंता पीएचईडी प्रोजेक्ट निहारिका, पीडीकोर कंपनी के ड्राफ्टमैन गणेश सिंह चौहान एवं कंसलटेंट सत्यनारायण शर्मा जी के द्वारा पूरी रिपोर्ट तैयार की गई।